NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

Mumbai News: मुंबई में नकली राशन कार्ड गैंग का भंडाफोड़, 350 फर्जी कार्ड के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुंबई: दिंडोशी पुलिस ने नकली राशन कार्ड बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में गिरफ्तार एक आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 350 नकली राशन कार्ड समेत काफी संख्या में फर्जी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुजल दयाल (21) के रूप में हुई है। वह विरार में रहता है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 12 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

कौन देता था नकली राशन कार्ड बनाने के ऑर्डर?

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सुजल को नकली राशन कार्ड बनाने के ऑर्डर कौन देता था। उसने अब तक कितने कार्ड तैयार किए और इस पूरे नेटवर्क में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं। आने वाले दिनों में इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी होने की बात पुलिस ने कही है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/mumbai/crime/fake-ration-card-gang-busted-in-mumbai-by-dindoshi-police-and-accused-arrested-with-350-forged-cards/articleshow/128115254.cms